मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 06 नवम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	07/11/15	08/11/15	09/11/15	10/11/15	11/11/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	34	34	34
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	19	19	19	18	18
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	1
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	51	55	55	54	52
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	20	22	26	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	5	6	7	6
हवा की दिशा	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

किसान भाई गेहूं की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। उन्नत किस्में राज–3077, राज–3765, राज–3777, राज–4037 व राज–4083 की बुवाई हेतु व्यवस्था करें। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें तथा बीज को बुवाई से पूर्व 2 ग्राम विटावेक्स से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

गेहूं की फसल को दीमक से बचाने के लिए अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण की 25 किलो मात्रा प्रति हैक्टेयर खेत में डालें।

जीरे की उन्नत किस्में आर.जेड–19, आर.जेड–209, आर.जेड–223 व जी.सी–4 की बुवाई करें।

जीरे की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए बुवाई के दो दिन बाद तक पेन्डीमैथालिन खरपतवार नाशी की 3.3 लीटर मात्रा का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

किसान भाई सरसों की फसल में बुवाई के 20 दिन बाद निराई गुडाई कर खरपतवार निकालें।

यदि पशुओं में खुरपका–मुंहपका, फड़किया, छोटी माता व गलघोंटू रोग के टीके नहीं लगवाएं है तो अब लगवा लें।

(नौडल ऑफीसर)